हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 1 मार्च 2026

04 सभी 6 धाराओं में सजा, नए विधान के अंतर्गत ...



07 सात में से चार पार्षदों ने लिखकर दिया,फिर...





## खबर संक्षेप

### टैक्स बार एसोसिएशन सागर के अध्यक्ष बने राहुल, सचिव पवन

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले के टैक्स बार एसोसिएशन के द्विवार्षिक चुनाव तिलकगंज में सम्पन्न हुए। मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट हर्षवर्धन दिवाकर एवं एडवोकेट आलोक जैन एवं सहायक चुनाव अधिकारी चार्टर्ड अकाउंटेंट सचिंद्र नामदेव एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट अर्पित श्रीवास्तव द्वारा सम्पन्न करवाए गए। जिसमे टैक्स बार एसोसिएशन सागर के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्षः एड.राहुल खरया, उपाध्यक्षः एड.यशवंत जैन, उपाध्यक्ष बीनाः एड.ललित हुरकट, सचिव : एड .पवन पाठक, सह सचिव : एड.हितेश भंडारी, कोषाध्यक्ष : एड. राकेश गुप्ता निर्वाचित हुए। टैक्स बार एसोसिएशन के सभी सदस्यों के द्वारा चुनाव प्रक्रिया में अपनी सहभागिता प्रदान की गई।

### होली एवं रंगपंचमी पर शुष्क दिवस घोषित

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संदीप जी आर ने होली और रंगपंचमी के अवसर पर जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु मदिरा दुकानों को बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार 3 मार्च 2026 (मंगलवार) को होली तथा 8 मार्च 2026 (रविवार) को रंगपंचमी के दिन दोपहर 3 बजे तक जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानें बंद रहेंगी। जारी निर्देशों के तहत उक्त तिथियों में न केवल कम्पोजिट मदिरा दुकानें, बल्कि एफएल-2, एफएल-3, एफएल-7, एफएल-8, वाइन रिटेल आउटलेट सहित जिले में स्थित सभी देशी-विदेशी मदिरा भंडार भी बंद रखे जाएंगे। इस अवधि में मदिरा का आयात-निर्यात, परिवहन एवं विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। प्रतिबंधित अवधि में किसी भी अधिकृत या अनधिकृत स्थान से मदिरा की बिक्री नहीं होनी चाहिए। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**खुरई ।** खुरई शहरी थाना क्षेत्र में बीना-कटनी रेलवे मार्ग पर नरेन नदी के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। युवक का शव नदी से लगभग 600 मीटर दूर रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत हालत में मिला। शव की शिनाख्त होने में कई घंटे लग गए। शुक्रवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि अप रेलवे ट्रैक पर अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव पड़ा है। मृतक का एक पैर भी गायब था। सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची। चूंकि मामला शहरी थाना क्षेत्र का था, इसलिए शहरी पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। मृतक की जेबों की तलाशी ली गई, जिसमें एक फोन मिला, लेकिन उसमें कोई सिम कार्ड नहीं था। जेब से आधार कार्ड की एक फोटोकॉपी भी मिली, जो हाल ही में करवाई गई प्रतीत हो रही थी। इसके अलावा, बाइक और दुकान की चाबियां भी बरामद हुई। जांच के दौरान, मृतक की बाइक पुल के पास खड़ी मिली। शव बाइक खड़ी होने की जगह से करीब 600 मीटर की दूरी पर अप ट्रैक पर मिला था। प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

### साईखेड़ा में एनएसएस स्वयंसेविकाओं का उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन

**सागर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया बुजुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई द्वारा ग्राम साईखेड़ा में 23 फरवरी से 01 मार्च तक सात दिवसीय पूर्णकालिक आवासीय विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रश्मि यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में स्वयंसेविकाओं द्वारा उत्कृष्ट कार्यों का प्रदर्शन किया जा रहा है। ग्राम सरपंच कल्लो आदिवासी ने कहा कि शिविर के दौरान स्वयंसेविकाएं लगातार सराहनीय कार्य कर रही हैं।

## तीन दिवसीय रहस मेले का हुआ रंगारंग समापन, कई कार्यक्रमों की दी गई आकर्षक प्रस्तुतियां

# पुरानी गौरवशाली परंपरा को बनाए रखना संस्कारों को प्रदर्शित करता है : उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

सर्वाइकल कैंसर मुक्त मध्य प्रदेश बनाने के लिए बेटियों को वैक्सीन अवश्य लगवाएं एवं मध्य प्रदेश के अस्पतालों में डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ के खाली पद शीघ्र भरे जाएंगे। साथ ही पुरानी गौरवशाली परंपरा को बनाए रखना संस्कारों को प्रदर्शित करता है। उक्त विचार मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने तीन दिवसीय रहस मेले के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, जिला अध्यक्ष ग्रामीण रानी कुशवाहा, अपर कलेक्टर अविनाश रावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी तथा बड़ी संख्या में जनसमुदाय मौजूद था।

उपमुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि पुरानी परंपराओं को जीवित रखना एवं उनका क्रियान्वयन करना बड़ी बात है और ऐसा करना संस्कारों को प्रदर्शित करता है। यही कार्य विधायक एवं वरिष्ठ पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए कार्य किए जा रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में 14 एवं 15 वर्ष की देश एवं प्रदेश की बेटियों की सुरक्षा के लिए आज से सर्वाइकल कैंसर मुक्त भारत एवं मध्य प्रदेश बनाने हेतु वैक्सीन लगाने का कार्य शुरू किया गया है, जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अजमेर से एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्य प्रदेश के भोपाल से की है। आज सागर जिले में गढ़ाकोटा से इसकी शुरुआत की जा रही है।



उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के नेतृत्व में तथा मेला प्रभारी अभिषेक भार्गव 'दीपू' के मार्गदर्शन में इस मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधायक गोपाल भार्गव आस्था और विश्वास का केंद्र बने हुए हैं, जिनका आदर ही आदेश बन जाता है, और इसी आदर के साथ आज मैं आपके बीच उपस्थित हुआ हूं।

उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सभी जिला चिकित्सालयों के खाली पद भरने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज भी शुरू किए जा रहे हैं, जिससे खाली पदों को भरना आसान होगा। उन्होंने कहा कि आप सभी जीवनशैली बदलकर स्वस्थ रहें और आगे बढ़ें। शुक्ल ने कहा कि गौमाता को आवारा न छोड़ें, उनकी सेवा करें। यदि गौमाता दूध नहीं देती हैं, तब भी उनका गोबर और गोमूत्र अत्यंत उपयोगी है और उनकी पूजा होती है, इसलिए गौमाता की सेवा करें।

विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि यह रहस मेला अंत्योदय मेले का विस्तृत रूप है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के साथ शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों को लाभान्वित किया जाता है। एक छत के नीचे शासन की सभी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है, जिसमें दिव्यांग प्रमाणपत्र, स्वास्थ्य परीक्षण सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री के पास महत्वपूर्ण स्वास्थ्य विभाग है, जिसके माध्यम से संपूर्ण मध्य प्रदेश को स्वस्थ रखने की जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य विभाग अत्याधुनिक संसाधनों एवं उपकरणों के माध्यम से प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य परीक्षण उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा भी रहली विधानसभा क्षेत्र के पीड़ित व्यक्तियों को स्वास्थ्य परीक्षण हेतु प्रत्येक रविवार को मेरी पर्सनल एंबुलेंस से भोपाल सहित अन्य बड़े स्वास्थ्य परीक्षण केंद्रों पर भेजा जाता है तथा संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था की जाती है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति स्वस्थ रहता है तभी विकास करता है, इसलिए स्वास्थ्य अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर मेला अध्यक्ष अभिषेक 'दीपू' भार्गव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ठाकुर, मनोज तिवारी, सुरेश कपासिया, संतोष पटेल, एसडीएम कुलदीप पाराशर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी तथा बड़ी संख्या में जनसमुदाय मौजूद था। कार्यक्रम का संचालन विक्की जैन ने किया।



### उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन की सागर में की शुरुआत

**गढ़ाकोटा।** उपमुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आज सागर जिले की रहली विधानसभा क्षेत्र की गढ़ाकोटा में 14 एवं 15 वर्ष की बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुरू किए गए सर्वाइकल कैंसर मुक्त अभियान के अंतर्गत वैक्सीन की शुरुआत की। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने गढ़ाकोटा के महाराणा प्रताप वार्ड की 14 वर्षीय कक्षा नवमी की छात्रा गुनगुन दुबे, पिता सतीश दुबे को वैक्सीन लगाकर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने प्रदेश एवं जिले के सभी लोगों से अपील की कि अपने परिवार, पड़ोस एवं मोहल्ले की 14 एवं 15 वर्ष की बेटियों को यह वैक्सीन अवश्य लगवाएं और मध्य प्रदेश को सर्वाइकल कैंसर मुक्त बनाने में सहयोग करें। इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, एसडीएम कुलदीप पाराशर, डॉ. ममता तिमोरे, विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सूर्यांश सिंघई सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### खुरई कृषि महाविद्यालय के भवन निर्माण हेतु एमओयू साइन हुआ

**खुरई।** कृषि महाविद्यालय खुरई के भवन निर्माण हेतु जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कार्यपालन यंत्री तथा भारत सरकार के उद्यम एमपीसीयू के मध्य एमओयू निष्पादित कर लिया गया है। कार्यपालन यंत्री द्वारा जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलसचिव को भेजे गए पतके अनुसार दोनों पक्षों के मध्य खुरई कृषि महाविद्यालय भवन के प्रथम फेज के निर्माण हेतु यह एम ओयू हस्ताक्षरित हुआ है। इसके साथ ही शीघ्र भवन निर्माण का कार्य आरंभ होगा। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने जनता को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।



### मप्र लोक सेवा आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराएं

**सागर।** म.प्र. लोक सेवा आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराए एवं म.प्र. लोक सेवा आयोग की राज्य पात्रता परीक्षा 2025 पूर्ण निष्पक्षता से सम्पन्न करावें। उक्त निर्देश राज्य सेवा मध्य प्रदेश लोकसभा आयोग के द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक मनोहर दुबे ने सागर में परीक्षा के पूर्व ऑब्जर्वर की बैठक में दिए । इस अवसर पर जॉइंट कमिश्नर राजेश शुक्ला, जॉइंट कमिश्नर विनय द्विवेदी, बाय पी सिंह सहित समस्त ऑब्जरबर्स मौजूद थे। दुबे ने निर्देश दिए की सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेयजल के साथ महिला पुरुष के लिए आवश्यक शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा में संलग्न अधिकारी कर्मचारी आयोग के निर्देशों का पूर्णता पालन करेंगे एवं परीक्षा को संपन्न कराए। म.प्र. लोक सेवा आयोग की राज्य पात्रता परीक्षा -2025 01 मार्च रविवार को शहर के 23 परीक्षा केंद्रों पर एक सत्र में दोपहर 12:00 बजे से 03:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। विद्यार्थी 11:00 से परीक्षा केंद्रों में उपस्थित होंगे अपनी पहचान के लिए सभी विद्यार्थी निर्धारित डॉक्यूमेंट लेकर आएंगे। इस परीक्षा हेतु जिला मुख्यालय सागर में 8661 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगें । ततसम्बंध में सागर सम्भाग के पर्यवेक्षक श्री मनोहर दुबे ने सभी परीक्षा केंद्रों के आवरजवर्ब को निर्देश दिए कि राज्य पात्रता परीक्षा , म.प्र. लोक सेवा आयोग की महत्वपूर्ण परीक्षाओं में से एक है ,उन्होने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऑब्जर्वर आयोग के प्रतिनिधि के रूप में परीक्षा में कार्य करेंगे आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन करवाना पर्यवेक्षक की ड्यूटी में शामिल है परीक्षा से संबंधित समस्त तैयारी शनिवार तक पूर्ण कर ली जावे व आयोग के समस्त दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जावे । आयोग की परीक्षा में निम्न में से कोई एक मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र प्रस्तुत करने पर ही आवेदक को प्रवेष दिया जा सकेगाः आधार कार्ड, मतदाता परिचय-पत्र, ड्रायविंग लायसेंस, आयकर का पेन कार्ड, पासपोर्ट, केन्द्र एवं राज्य सरकार एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय एवं अन्य नियोक्ताओं द्वारा जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, फोटो सहित बैंक पासबुक, शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत परीक्षार्थियों के मामले में शिक्षण संस्था के प्रमुख द्वारा अधिकतम तीन वर्ष पूर्व तक जारी फोटो पहचान-पत्र।

## प्रशिक्षण महाअभियान भाजपा को बूथ स्तर तक और अधिक संगठित, सक्रिय और प्रभावी बनाएगाः लोकेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

प्रशिक्षण केवल जानकारी देने का माध्यम नहीं, बल्कि कार्यकर्ता के व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है। इससे संगठन की कार्यपद्धति में एकरूपता आएगी और सेवा, समर्पण तथा राष्ट्रहित की भावना और अधिक प्रखर होगी। यह प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकर्ताओं में वैचारिक स्पष्टता, अनुशासन और कार्यकुशलता को नई दिशा देगा। बूथ स्तर तक सक्रिय और प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति होते हैं। यह महाअभियान कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति, सेवा कार्यों और जनसंपर्क अभियान से जोड़ते हुए उन्हें अधिक प्रभावी बनाएगा। व्यापक प्रशिक्षण महाअभियान से संगठन और अधिक सुदृढ़ होगा तथा राष्ट्र निर्माण के संकल्प को नई ऊर्जा मिलेगी यह बात भाजपा प्रदेश मंत्री एवं सागर जिला प्रभारी लोकेन्द्र पाराशर ने सागर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 की जिला स्तरीय‡ कार्य शाला को सम्बोधित करते हुए कही।

कार्यशाला को पूर्व मंत्री एवं खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह, प्रशिक्षण अभियान संभागीय टोली सदस्य सदानंद गौतम, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने भी सम्बोधित किया। कार्य शाला में सागर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, प्रशिक्षण अभियान संभागीय टोली सदस्य जाहर सिंह जिला टोली सदस्य जगन्नाथ गुरैया, जयंती मौर्य मंचासीन रहीं।



प्रशिक्षण अभियान जिला टोली संयोजक देवेंद्र कटारे ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। कार्यशाला का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष चौबे ने किया।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए प्रदेश मंत्री एवं सागर जिला प्रभारी लोकेन्द्र पाराशर ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर आधारित यह प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित,सामाजिक समरसता और सेवा भाव की दिशा में और अधिक सजग बनाता है। संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता जब विचार से दृढ़ और व्यवहार से विनम्र होगा,तभी भाजपा की शक्ति समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगी।यह महाअभियान संगठनात्मक एक जुटता को और मजबूत करेगा तथा आगामी दायित्वों के निर्वहन में कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और स्पष्टता प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि यह महाअभियान भाजपा को बूथ स्तर तक और अधिक संगठित, सक्रिय और प्रभावी बनाएगा। उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 11 मार्च से 14 अप्रैल तक मंडल स्तर पर और 15 अप्रैल से 20 मई तक जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्य शालाओं का आयोजन किया जाएगा।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ता निर्माण की पहली सीढ़ी है जिसके माध्यम से भविष्य में एक आदर्श कार्यकर्ता का निर्माण होता है। प्रशिक्षण वर्गों के माध्यम से निकले आदर्श भाजपा कार्यकर्ता की पहचान देश और समाज में एक सेवाभावी, राष्ट्र भक्त, अनुशासित, चरित्रवान और संस्कार युक्त कार्यकर्ता के रूप में है। ऐसे कार्यकर्ताओं के कारण ही आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने कहा कि हमारा कार्यकर्ता कभी अपने सिद्धांतों, वैचारिक स्पष्टता, उद्देश्य, और चरित्र से नहीं भटकता क्योंकि वह ऐसे प्रशिक्षणों से तैयार होता है। ऐसा कार्यकर्ता एक दिन में नहीं बनता बल्कि वर्षों में बनता है।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर धंसरा गांव के पास हादसा, पैर में फ्रैक्चर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई के निर्तला-मंडीबामोरा रोड पर धंसरा गांव के पास गुरुवार रात तेज रफ्तार अज्ञात लोडिंग वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक गंभीर घायल हो गया है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सागर भेजा गया है।

#### मंडीबामोरा से भूसा लेकर लौट रहा था

जानकारी के अनुसार, मुकारमपुरा निवासी 28 वर्षीय सुरेंद्र अहिरवार पुत्र बल्लू अहिरवार काम के सिलसिले में मंडीबामोरा गए थे। घायल के भाई कनई अहिरवार ने बताया कि सुरेंद्र भूसा खरीदने के लिए मंडीबामोरा गए थे और वहां से अपना काम निपटाकर बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान धंसरा गांव के पास सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने लापरवाही से चलाते हुए उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों की मदद से सुरेंद्र को खुरई सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों के परीक्षण में सामने आया कि सुरेंद्र के एक पैर में गंभीर फ्रैक्चर हुआ है और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गहरी चोट आई हैं। अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर रेफर कर दिया है।

#### अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी पुलिस

टक्कर मारने के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस अब अज्ञात लोडिंग वाहन की पहचान करने में जुट गई है। मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर वाहन का सुराग लगाने का प्रयास किया जा रहा है।




### खुरई में चंद्रशेखर आजाद बलिदान दिवस पर कवि सम्मेलन आयोजित

**खुरई ।** खुरई के दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित संत निवास में शुक्रवार रात चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें देर रात तक कवियों ने अपनी कविताओं से श्रोताओं का मन मोहा। नवयुवक क्रांतिकारी मंडल की ओर से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 'एक शाम-शहीदों के नाम' श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। लोगों ने भारत माता के वीर सपूत चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शहर के कई वक्ताओं ने उनके जीवन और बलिदान पर प्रकाश डाला। नवयुवक क्रांति मंडल के संचालक आशीष मिश्रा ने बताया कि उनके पिता दयाशंकर मिश्रा ने 1969 में आजाद दिवस पर श्रद्धांजलि सभा के साथ कवि सम्मेलन की शुरुआत की थी, और वह इस परंपरा को आज भी निभा रहे हैं। श्रद्धांजलि सभा के बाद कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें राजेंद्र दुबे मुख्य अतिथि और अशोक मुडोतिया अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। देर रात तक चले इस सम्मेलन में स्थानीय कवियों ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। कवि विजय सत्यप्रिय ने अपनी कविता 'ईमानदारी की पाठशाला' से सबका मन मोह लिया। उन्होंने कहा कि ईमानदारी में वह शक्ति है जो हर कार्य में सफलता दिलाती है। उन्होंने बचपन में दिए गए संस्कारों के महत्व पर भी जोर दिया, यह कहते हुए कि ये संस्कार जीवन भर काम आते हैं। कवि नरेंद्र अहिरवार ने किसानों की मेहनत पर आधारित कविता का बखान किया। उन्होंने बताया कि किसान किस तरह धूप, बारिश और ठंड की परवाह किए बिना अपनी फसल ईमानदारी से तैयार करता है, लेकिन उसे अक्सर उसकी मेहनत का फल नहीं मिलता। उन्होंने इसकी तुलना देश के लिए मर मिटने वाले सैनिक से की।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की वैज्ञानिक मॉडलों की प्रदर्शनी

# डॉ. सीवी रमन प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक : डॉ.घनश्याम भारती

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा, जिला सागर में आज विज्ञान संकाय एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का उत्साह पूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती ने की। इस अवसर पर विज्ञान संकाय से ब्रजलाल अहिरवार, आस्था दुबे, सुप्रिया जैन, रचना जैन, सुश्री रोशनी रोहित, शरद चौबे तथा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी शिम्पी मौर्या ने विज्ञान के विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन ब्रजलाल अहिरवार द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विविध वैज्ञानिक विषयों पर आकर्षक एवं नवीन मॉडल तैयार किए गए। विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडलों की विस्तृत वैज्ञानिक जानकारी एवं कार्यप्रणाली को बेहद प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ.भारती एवं उपस्थित सभी शिक्षकों ने प्रत्येक मॉडल का सघन अवलोकन करते हुए छात्रों की वैज्ञानिक समझ, रचनात्मकता और प्रस्तुति कौशल की सराहना की।अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. भारती ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस वैज्ञानिक चेतना और नवाचार को प्रोत्साहित करने का संदेश देता है। उन्होंने प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ.सी.बी. रमन के प्रभाव की चर्चा करते हुए विज्ञान में उनके सराहनीय योगदान को महत्वपूर्ण बताया। विद्यार्थियों को शोध प्रवृत्ति और जिज्ञासा विकसित करने के लिए प्रेरित किया। प्रदर्शनी में लाइट रिफ्लेक्शन एवं डिफ्रेक्शन, जियोस्टेशनरी सैटेलाइट, थर्मल पावर प्लांट, पेंडुलम ऑसिलेशन, चंद्रयान-3, हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्लांट, विंड एनर्जी, एस्केलेटर, ऑटोमैटिक वाटर डिस्पेंसर, लॉ ऑफ मोशन, हाइड्रोलिक क्रेन तथा इलेक्ट्रिक कंडक्टर एवं इंसुलेटर जैसे विषयों पर तैयार मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम उत्साह और ऊर्जा से परिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



## पॉक्सो न्यायालय का फैसला, दुष्कर्म मामले में 20 साल की सजा

# सभी 6 धाराओं में सजा, नए विधान के अंतर्गत जिले का पहला मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

भारतीय न्याय संहिता बीएनएस 2023 भारत की नई आपराधिक संहिता है जिसे 1 जुलाई 2024 से प्रभावी किया गया है। जिसने औपनिवेशिक काल के भारतीय दंड संहिता आईपीएस 1860 की जगह ली है। इसका उद्देश्य न्याय प्रदान करना है न कि केवल दंड देना। इसी नई आपराधिक संहिता की बीएनएस धाराओं के तहत पास्को न्यायालय द्वारा जिले का पहला न्यायायिक फैसला जारी किया गया है। जिसमें आरोपी को सभी धाराओं में अलग अलग सजा सुनाते हुए फैसला किया गया है।




नाबालिग बालिका से दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध में विशेष न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। थाना दिगौड़ा क्षेत्र के इस सनसनीखेज प्रकरण में पास्को एक्ट विशेष न्यायाधीश नरेन्द्र कुमार गुप्ता ने आरोपी राहुल कुशवाहा को सभी 6 विभिन्न धाराओं में दोषी पाते हुए कठोर दंडित किया है।

### बीएनएस सभी धाराओं में अलग-अलग मिली सजा

पुलिस द्वारा पीड़िता और आरोपी का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया, और डीएनए रिपोर्ट सहित सभी नमूने वैज्ञानिक परीक्षण के लिए भेजे गए। इस दौरान 14 साक्षियों के बयान दर्ज हुए। और 27 महत्वपूर्ण दस्तावेज न्यायालय के समक्ष पेश किए गए। उक्त मामले की संपूर्ण विवेचना उप निरीक्षक नीरज लोधी द्वारा की गई, जबकि पैरवी विशेष लोक अभियोजक बकील नर्मदांजलि दुबे ने की। अभियोजन पक्ष ने ठोस रूप में मौखिक, दस्तावेजी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को कठघरे में खड़ा किया। जिसके आधार पर न्यायाधीश ने फैसला सुनाया। विशेष न्यायालय ने आरोपी राहुल कुशवाहा को जिन धाराओं में दंडित किया उनमे धारा 137(2) बीएनएस के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास, धारा 87 बीएनएस के तहत 6 वर्ष सश्रम कारावास, धारा 351(3) बीएनएस के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास, धारा 127(4) बीएनएस के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास एबं धारा 5 (ठ) सहपठित धारा 6 पॉक्सो एक्ट के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही विभिन्न धाराओं में अर्थदंड भी लगाया गया।

### शादी का झांसा देकर किया नाबालिग से दुष्कर्म

24 जनवरी 2025 को पीड़िता के पिता ने थाना दिगौड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है। दिगोड़ा पुलिस ने उक्त शिकायत पर तत्परता दिखाते हुए मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने मूसाखेड़ी, इंदौर से बालिका को अपनी कस्टडी में लिया। पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि आरोपी राहुल कुशवाहा शादी का झांसा देकर उसे अपने साथ ले गया और कई बार दुष्कर्म किया।



**नावालिग बालिका से वलात्कार करने वाले आरोपी को 20 साल कैद की सजा**
मामला थाना दिगौड़ा का जघन्य व सनसनीखेज/चिन्हित था

| | |
|---|---|
| न्यायालय :- | विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) श्री नरेन्द्र कुमार गुप्ता, टीकमगढ़ (म०प्र०) |
| पैरवीकर्ता :- | विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट नर्मदांजलि दुवे, टीकमगढ़ (म.प्र.) |
| अनुसंधानकर्ता :- | उप निरीक्षक नीरज लोधी, उप निरीक्षक नीतू खटीक |
| अभियुक्त :- | राहुल कुशवाहा उम्र निवासी थाना अंतर्गत दिगौड़ा जिला टीकमगढ़ |

उक्त मामला थाना दिगौड़ा का था जिसे राज्य शासन के निर्देशानुसार **जघन्य व सनसनीखेज मामले** की श्रेणी में रखते हुये चिन्हित किया गया था। उक्त मामले में शासन की ओर से पैरवी **विशेष लोक अभियोजक नर्मदांजलि दुवे** द्वारा की गई। विशेष लोक अभियोजक द्वारा घटनाक्रम के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि मामला थाना दिगौड़ा जिला टीकमगढ़ का होकर माननीय विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट), टीकमगढ़ के न्यायालय में विचाराधीन था। जिसमें विशेष न्यायाधीश द्वारा नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ बलात्कार करने के आरोप में दोषी पाते हुये अभियुक्त राहुल कुशवाहा को धारा 137(2) बीएनएस में 03 वर्ष का सश्रम कारावास व पांच सौ रूपये अर्थदण्ड, धारा 87 बीएनएस में 06 वर्ष का सश्रम कारावास व एक हजार रूपये अर्थदण्ड, धारा 351(3) बीएनएस में 03 वर्ष का सश्रम कारावास व पांच सौ रूपये अर्थदण्ड, धारा 127(4) बीएनएस में में 03 वर्ष का सश्रम कारावास व पांच सौ रूपये अर्थदण्ड एवं धारा 5(ठ) सहपठित धारा 6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास व दो हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

**प्रकरण का संक्षिप्त विवरण** :- अभियोक्त्री के पिता द्वारा दिनांक 24.01.2025 को थाना दिगौड़ा में उपस्थित होकर यह रिपोर्ट लेख कराई गई कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है। अभियोक्त्री के पिता द्वारा दी गई सूचना पर थाना दिगौड़ा में मामले की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख की जाकर मामला विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान थाना दिगौड़ा की पुलिस टीम के साथ **प्रधान आरक्षक आनंद सुड़ेले** द्वारा अभियोक्त्री को मूसाखेड़ी इंदौर से दस्तयाब किया गया। दस्तयाबी के उपरांत अभियोक्त्री के **महिला उप निरीक्षक नीतू खटीक** के द्वारा पूछताछ के दौरान लेखबद्ध किए गए। अभियोक्त्री के द्वारा अपने कथनों में बताया गया कि राहुल कुशवाहा शादी करने की कहकर अपने साथ ले इंदौर मूसाखेड़ी ले गया था और राहुल कुशवाहा द्वारा अभियोक्त्री के साथ कई बार गलत काम किया गया। अभियोक्त्री के माता-पिता के पूरक कथन उनके बताये अनुसार लेखबद्ध किये गये। अभियोक्त्री का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। प्रकरण के अभियुक्त राहुल कुशवाहा को गिरफ्तार कर उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। अभियोक्त्री व अभियुक्त के मेडीकल परीक्षण उपरांत समस्त नमूनों को रासायनिक परीक्षण हेतु अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजी साक्ष्य संकलित कर वैज्ञानिक परीक्षण के लिए भेजा गया। प्रकरण में संपूर्ण अनुसंधान कार्यवाही थाना दिगौड़ा में पदस्थ **उप निरीक्षक नीरज लोधी** के द्वारा की गई।

संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध विचारण चलाये जाने हेतु अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान **विशेष लोक अभियोजक नर्मदांजलि दुवे** द्वारा प्रकरण में कुल **14 साक्षीगण** को परीक्षित कराया गया, **27 महत्वपूर्ण दस्तावेजों** को एवं प्रकरण में प्राप्त **डीएनए रिपोर्ट** को वैज्ञानिक साक्ष्य के तौर पर प्रस्तुत किया गया। अभिलेख पर अभियोजन द्वारा प्रस्तुत की गई मौखिक, दस्तावेजी एवं वैज्ञानिक साक्ष्य तथा अंतिम तर्क के आधार पर विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) द्वारा अभियुक्त राहुल कुशवाहा को धारा 137(2) बीएनएस में 03 वर्ष का सश्रम कारावास व पांच सौ रूपये अर्थदण्ड, धारा 87 बीएनएस में 06 वर्ष का सश्रम कारावास व एक हजार रूपये अर्थदण्ड, धारा 351(3) बीएनएस में 03 वर्ष का सश्रम कारावास व पांच सौ रूपये अर्थदण्ड, धारा 127(4) बीएनएस में में 03 वर्ष का सश्रम कारावास व पांच सौ रूपये अर्थदण्ड एवं धारा 5(ठ) सहपठित धारा 6 पॉक्सो एक्ट में **20 वर्ष का सश्रम कारावास व दो हजार रूपये** अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

N. Dubey 28/02/2026.
मीडिया सेल प्रभारी /
विशेष लोक अभियोजक
टीकमगढ़ (म०प्र०)

### मासूमों के साथ दरिंदगी करने वालों पर कानून का शिकंजा अटल व अडिग

यह मामला राज्य शासन द्वारा जघन्य व सनसनीखेज श्रेणी में चिन्हित किया गया था। न्यायालय के फैसले ने यह साबित कर दिया कि बाल अपराधों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। अदालत के इस फैसले ने साफ कर दिया है कि मासूमों के साथ दरिंदगी करने वालों के लिए कानून का शिकंजा अटल और अडिग है। न्यायालय की यह सजा समाज को स्पष्ट संदेश दे रही है कि नाबालिगों के खिलाफ अपराध करने वालों को कानून बख्शेगा नहीं। यह निर्णय न केवल पीड़िता के लिए न्याय है, बल्कि समाज में विश्वास और सुरक्षा की भावना को भी मजबूत करता है। क्योंकि कानून की सख्ती ही ऐसे अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगा सकती है।

## एसपी के त्वरित संज्ञान व निर्देशों के चलते हुई कार्रवाई

# 24 घंटे से पूर्व ही हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के कुड़ीला थाना अंतर्गत हुए हत्या के जघन्य अपराध में पुलिस ने 24 घंटे बीतने के पूर्व ही हत्यारोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिँह मंडलोई द्वारा लिये गये त्वरित संज्ञान एबं दिए गये निर्देशों के चलते प्रभावी कार्यवाही हुई है।



पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि 27 फ़रवरी को डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि थाना कुड़ीला अंतर्गत ग्राम मुन्डू बरिया चक्र 01 दोह में विवाद के दौरान एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरगापुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा परीक्षण उपरांत घायल मनका अहीरवार निवासी मुंडू बरिया दोह चक्र 01 को मृत घोषित किया गया। फरियादी मृतक के पुत्र हरदयाल अहिरवार की रिपोर्ट पर थाना कुडीला में धारा 103 (1) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक मंडलोई को दी गई। पुलिस अधीक्षक मंडलोई के निर्देश पर एफएसएल टीम टीम द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाये गए तथा विधिवत पंचनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा हत्या की घटना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के लिये एसडीओपी एवं थाना प्रभारी को सख्त एवं स्पष्ट निर्देश दिए गए एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा एवं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुडीला के नेतृत्व में पुलिस की विशेष टीमें गठित कर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए ।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई के निर्देशन में गठित टीमों द्वारा सतत प्रयास करते हुए आरोपी गज्जू अहिरवार निवासी दोह चक्र 01 को घटना के 24 घंटे के भीतर मनिहारी पहाड़िया क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लकड़ी की जेरी जप्त की गई। आरोपी को कार्यवाही के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त कार्यवाही में कुड़ीला थाना प्रभारी अरविंद यादव, सहायक उप निरीक्षक असलम खांन, प्रधानमंत्री आरक्षक अनिल शर्मा, ताहिर खांन, आरक्षक सुनील कुमार, वेदप्रकाश शर्मा, अभिषेक कुर्मी, माजिद मंसूरी, अनिल महेडिया, जगदीश मोरी, योगेन्द्र अहिरवार, चन्द्रकान्त उपाध्याय, हेमलता अहिरवार एवं एनआरएस मिथलेश परसारिया की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने पुलिस टीम के उत्साहवर्धन के लिए टीम को पुरष्कृत करने की घोषणा की है।

## एसपी के निर्देश पर सतत व सघन अभियान जारी

# खुले में मांस विक्रय पर कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई, शासन के निर्देशों का करें पालन



**टीकमगढ़।** शहर में खुले में लग रहे मांस बाजार पर कोतवाली पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना द्वारा प्रदेश में खुले में मांस विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने संबंधी जारी निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिले में सतत एवं सघन अभियान संचालित किया जा रहा है। उक्त अभियान का संचालन पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन डॉ. हिमानी खन्ना एवं उप पुलिस महानिरीक्षक, छतरपुर रेंज विजय खत्री के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्राधिकार में खुले में मांस विक्रय संबंधी गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने एवं स्थानीय प्रशासन के समन्वय से आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में 28 फरवरी को थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रविभूषण पाठक एवं नगर पालिका टीम द्वारा संयुक्त रूप से शहर क्षेत्र में भ्रमण कर नरैया मोहल्ला, पुराना बस स्टैंड, क्यामगाह एवं मोटे का मोहल्ला आदि क्षेत्रों में खुले में संचालित अंडा, मांस एवं मछली विक्रय स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित विक्रेताओं को तत्काल प्रभाव से खुले विक्रय को बंद करने हेतु निर्देशित किया गया तथा भविष्य में शासन के निर्देशों का उल्लंघन न करने के संबंध में सख्त चेतावनी दी गई। इस दौरान आवश्यकतानुसार वैधानिक कार्रवाई भी की गई। पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शासन के निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा। खुले में मांस विक्रय अथवा अन्य प्रतिबंधित गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## थाना-वार सीसीटीएनएस पर लंबित प्रविष्टियों के निराकरण पर बैठक में दिए निर्देश

# सूचना प्रौद्योगिकी आधारित व्यवस्थाओं को करें सुदृढ़ : एसपी



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले के समस्त थानों में पदस्थ सीसीटीएनएस ऑपरेटर आरक्षकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य सीसीटीएनएस प्रणाली के प्रभावी संचालन, लंबित प्रविष्टियों के निराकरण तथा तकनीकी दक्षता में वृद्धि करना था।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा सीसीटीएनएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों, थाना-वार लंबित रिकॉर्ड, अपराध संबंधी प्रविष्टियों एवं अद्यतन डाटा की विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही, प्रणाली में आ रही तकनीकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर उनके त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने नवीन संशोधनों एवं अद्यतन प्रक्रियाओं के संबंध में ऑपरेटरों को अवगत कराते हुए निर्देशित किया कि समस्त प्रविष्टियाँ निर्धारित समय-सीमा में शुद्धता एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण की जाएँ। इसके अतिरिक्त ई-साक्ष्य प्रणाली के माध्यम से घटनास्थल से डिजिटल साक्ष्य संकलन, अपलोडिंग एवं सुरक्षित संधारण की प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई तथा गुणवत्तापूर्ण एवं विधिसम्मत साक्ष्य संकलन पर विशेष बल दिया गया। उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, सीसीटीएनएस शाखा से प्रधान आरक्षक सुनील प्रजापति, प्रधान आरक्षक कंप्यूटर रत्नेश बेडिया सहित जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में कार्यरत सीसीटीएनएस ऑपरेटर आरक्षक उपस्थित रहे। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सूचना प्रौद्योगिकी आधारित व्यवस्थाओं को सुदृढ़ कर अपराध नियंत्रण, पारदर्शिता एवं त्वरित न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग किया जाएगा।

## स्वच्छ, स्वस्थ व समरस होली मनाने का आह्वान

# गोकाष्ठ से जलेगी होलिका बचेगा पर्यावरणः श्रोत्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



आगामी होली पर्व को पर्यावरण संरक्षण, जल बचत और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला उत्सव बनाने के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने एक प्रेरक पहल की है। मध्य प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों के तहत कलेक्टर श्रोत्रिय ने जिलेवासियों से गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन कर पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनने की अपील की है।

कलेक्टर श्रोत्रिय ने जनता से जागरूक अपील करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारे और प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। इस वर्ष जिले में सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों में लकड़ी के स्थान पर उपलों एवं गो-काष्ठ के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे पेड़ों की कटाई रोकी जा सके और वायु प्रदूषण भी कम हो। सभी सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों में लकड़ी की जगह उपले एवं गो-काष्ठ का उपयोग किया जाएगा। नगरीय निकाय, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायतों के माध्यम से होलिका दहन कार्यक्रमों का निःशुल्क पंजीयन कराया जाएगा। गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन की जानकारी संबंधित एसडीएम कार्यालय में सूचीबद्ध की जाएगी। कलेक्टर द्वारा होली को प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों से खेलने की अपील की गई है। साथ ही पशु पक्षियों पर रंग न डालने की विशेष हिदायत दी गई है। सभी कार्यक्रम स्वच्छ एवं स्वस्थ होली अभियान के अंतर्गत आयोजित होंगे। होलिका दहन में सामाजिक सौहार्द, भाईचारा और जल संरक्षण को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा राज्य शासन के निर्देशानुसार आगामी दिनों में जिला मुख्यालय पर विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन करने वाली संस्थाओं एवं उनके पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री की ओर से पर्यावरण संरक्षण संबंधी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। साथ ही भविष्य में ऐसी संस्थाओं को अन्य प्रकार के प्रोत्साहन और सहयोग देने में भी प्राथमिकता दी जाएगी। कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि राज्य शासन की उक्त पहल अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के अंतर्गत की जा रही है, जिसका उद्देश्य विकास के साथ पर्यावरण संतुलन और सामाजिक चेतना को मजबूत करना है। कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस बार होली को केवल उत्सव न मानें, बल्कि पर्यावरण बचाने का संकल्प भी लें। ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, हरियाली और स्वस्थ समाज मिल सके।

# 'ज्ञान पाना चाहते हो तो दोषारोपण करना छोड़ो'



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

ग्राम मवई में आयोजित सिद्ध क्षेत्र मंडल विधान के दौरान प्रख्यात जैन विद्वान 108 विकौशल सागर ने कहा कि ज्ञान तभी प्राप्त होता है जब हम दूसरों के दोष गिनना बंद करते हैं। उनके प्रवचन में कर्म सिद्धांत की गूढ़ व्याख्या और आत्मशुद्धि का मार्ग प्रमुख विषय रहे। मुनिश्री ने कहा कि तीर्थंकर भगवान ने समस्त कर्मों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया है और उनसे मुक्त होने का विधान भी बताया है। उन्होंने कर्मों को तीन प्रमुख वर्गों में बांटा है जिनमे द्रव्य कर्म, भाव कर्म और नो कर्म शामिल है। मुनिश्री ने बताया कि राग, द्वेष और मोह जैसे भाव ही आत्मा को बंधन में डालते हैं। तीन

**सिद्ध क्षेत्र मंडल विधान में कर्म सिद्धांत पर प्रवचन, द्रव्य भाव नो कर्म की हुई व्याख्या**

**शरीर और आत्मा का संबंध**

प्रवचन में उन्होंने औदारिक, वैक्रियिक और आहारक शरीर की व्याख्या करते हुए कहा कि साधक को इन देह संबंधी आसक्तियों से ऊपर उठकर ज्ञान शरीर की साधना करनी चाहिए। आत्मा के गुणों के अनुरूप आचरण ही सच्ची साधना है। धार्मिक वातावरण में उमड़ी श्रद्धा मंडल विधान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन स्थल पर भक्ति, शांति और साधना का वातावरण रहा। मुनिश्री ने अंत में कहा कि आत्मावलोकन और संयम ही मोक्षमार्ग का प्रथम चरण है।और दोषारोपण से नहीं बल्कि आत्मचिंतन से ही ज्ञान का द्वार खुलता है। यही प्रवचन का सार भी है।

## विवाहिता को ससुराल से निकालने की कोशिश

**ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दिदौरा में एक विवाहिता को उसके ससुरालियों द्वारा मारपीट कर घर से निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति, सास, जेठ और जिठानी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। ग्राम दिदौरा निवासी उषा यादव पत्नी गौरव यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी शादी करीब 9 वर्ष पहले हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। उनका एक 7 वर्षीय पुत्र भी है। आरोप है कि पिछले कुछ समय से ससुराल पक्ष के लोग उन्हें अपने साथ नहीं रखना चाहते और लगातार घर से जाने का दबाव बना रहे हैं। पीड़िता के अनुसार 25 फरवरी की दोपहर करीब 3 बजे जब वह अपने घर पर थीं, तभी उनके पति गौरव, सास सुमन्ना, जेठ ब्रजभान और जिठानी सीमा ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसों और लाठी-डंडों से उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी। ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। बानपुर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

## सहायक विकास विस्तार अधिकारी से अभद्रता का आरोप, एसपी को सौंपा ज्ञापन

# कानूनी कार्रवाई नहीं हुई तो उतरेंगे सड़कों पर: जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़





जनपद पंचायत कार्यालय में पदस्थ सहायक विकास विस्तार अधिकारी के साथ जातिसूचक शब्दों में कथित अभद्रता और शासकीय कार्य में बाधा डालने के आरोप मामले में मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अजाक्स ने उक्त मामले को गंभीर बताते हुए पुलिस अधीक्षक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह को ज्ञापन सौंपकर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

संघ के जिला अध्यक्ष डॉ बीपी अहिरवार के नेतृत्व में दिए गए उक्त आवेदन में आरोप लगाते हुए बताया गया है कि 24 फरवरी को दोपहर लगभग ढाई बजे जनपद पंचायत टीकमगढ़ परिसर में विभागीय कर्मचारी के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया और शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि यह कृत्य न केवल एक कर्मचारी की गरिमा पर आघात है, बल्कि अनुसूचित जाति वर्ग की अस्मिता को ठेस पहुंचाने वाला है। अजाक्स संघ ने आरोपियों के खिलाफ प्रासंगिक धाराओं में तत्काल एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी किये जाने की मांग की है। अजाक्स संघ का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन प्रदेश स्तर पर आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होगा।

उक्त मामला सीधे जनपद कार्यालय से जुड़ा होने के कारण प्रशासनिक जवाबदेही भी सवालों के घेरे में है। अजाक्स संघ ने स्पष्ट किया है कि वह संवैधानिक मर्यादाओं के भीतर रहकर न्याय की लड़ाई लड़ेगा, लेकिन देरी या ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। अजाक्स संघ के जिलाध्यक्ष वेनी प्रसाद अहिरवार ने कहा कि सरकारी दफ्तर में जातिसूचक अपमान और कार्य में बाधा जैसे आरोपों पर अब कानून की सख्त धार ही अंतिम जवाब होगी। गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई से ही व्यवस्था में विश्वास बहाल होगा। और अगर जिला प्रशासन ने उक्त कार्यवाही में ढीलाई बरती तो सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जबाबदेही प्रशासन की होगी।

## कई महीनों बाद हुई पीआईसी पर भी उठने लगे सवाल

# सात में से चार पार्षदों ने लिखकर दिया ,फिर भी नहीं किया बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विगत दिनों वार्ड क्रमांक 23 की पार्षद कलावती गौतम की अध्यक्षता में आयोजित हुई प्रेसिडेंट आफ काउंसलिंग (पीआईसी) की बैठक की वैधता पर अब सवाल उठने लगे हैं। दरअसल इस बैठक नपा के अतिक्रमण शाखा प्रभारी को निलंबित करने का प्रस्ताव पर अनुमोदन पर विचार किया जाना था और बैठक में उपस्थित 7 में से 4 पार्षदों ने एक पत्र सीएमओ को निलंबित किए गए कर्मचारियों को बहाल किए जाने के लिए लिखकर दिया था। लेकिन बैठक के कई दिन बीत जाने के बाद भी सीएमओ ने युक्त कर्मचारी को बहाल नहीं किया इस मामले में सीएमओ कर्मचारी के निलंबन को पीआईसी से अनुमोदन करा लेने की बात कह रहे हैं। प्रश्न यह उठ रहा है कि अगर सीएमओ ने पीआईसी से पुष्टि करा ली है तो कब करा ली जिन चार पार्षद जिन्होंने पीआईसी सदस्य होने के अधिकार से सीएमओ को पत्र लिखा है क्या पीआईसी की बैठक पहले हो जाने की जानकारी उन्हें नहीं थी। तो क्या विपक्ष द्वारा पीआईसी की बैठक अध्यक्ष द्वारा अपने घर में बैठकर करा लेने के लगाए जा रहे आरोप सही है।

नगर पालिका में अतिक्रमण शाखा प्रभारी खालिद कुरैशी के निलंबन पुष्टि करने का प्रकरण भी पीआईसी की बैठक में शामिल था सीएमओ ने बिना पीआईसी के अनुमोदन के ही खालिद कुरैशी को निलंबित कर दिया था नगर पालिका अधिनियम के तहत ऐसा अति आवश्यक काम जो जरूरी होता है उसे पीआईसी या परिषद के अनुमोदन की प्रत्याशा में है करा लिया जाता है और बाद में पीआईसी अथवा परिषद में अनुमोदन करा लिया जाता है। इसी नियम को देखते हुए सीएमओ ने पीआईसी की बैठक के बिना ही खालिद कुरैशी को निलंबित कर दिया था और जब पीआईसी बैठक हुई तो उसमें यह बिंदु भी रखा था इस मामले में बहस भी हुई थी और चार पीआईसी सदस्य चार पार्षद जिसमें अध्यक्षता कर रही कलावती गौतम खालिद को बंदना विकास अग्रवाल, भूपेंद्र गर्ग ने कर्मचारी खालिद कुरैशी को बहाल करने के लिए लिखित पत्र दिया यानी उन्होंने पुष्टि करने से इंकार कर दिया लेकिन सीएमओ कर्मचारियों को जब बहाल नहीं किया तो पूछने पर पता चला कि को सीएमओ ने तो पीआईसी का पहले ही अनुमोदन करा लिया था। अब प्रश्न यह उठ रहा है कि क्या नपाध्यक्ष जिसे हाई कोर्ट ने पावर लेस कर दिया है वह घर में बैठकर अभी भी पावर के साथ काम कर रही है?




### शहर में धीमी हुई विकास कार्यों की रफ्तार

नगर पालिका अध्यक्ष रेनू राठौर के पॉवर छिन जाने के चलते नगर पालिका परिषद की बैठके में आयोजित नहीं हो पा रही है। जिसकारण शहर में विकास कार्यों की रफ्तार थम सी गई है। वहीं नागरिकों को भी खासी असुविधाएं अपने कामो को लेकर झेलनी पड रही है। ऐसे में परेशान हो रहे शहर के नागरिकों का कहना है कि इस मामले में प्रशासन के अधिकारियों को दखल देना चाहिए और नागरिकों को जरूरी सुविधाओं के लिए परेशान न होना पडे,इस दिशा में कार्रवाई करना चाहिए।

### इनका कहना है ...

पीआईसी की बैठक में हमने कोई अनुमोदन कर्मचारी खालिद कुरैशी के निलंबन से संबंधित नहीं किया है हमने लिखित में उसका निलंबन समाप्त करने की मांग की है। जब से नपाध्यक्ष पावर विहीन हुई है तब से अब पहली बार कलावती गौतम की अध्यक्षता में पीआईसी की बैठक हुई है। सीएमओ ने किस बैठक में अनुमोदन करा लिया समझ से परे है रही बात गुपचुप बैठक कराने की तो आरोप निराधार हैं।

**खालिद फारूकी**
**पीआईसी सदस्य एवं पार्षद वार्ड नं 22**

कर्मचारियों को नियम अनुसार निलंबित किया गया है पीआईसी ने उसका अनुमोदन कर दिया है। गुपचुप बैठक करने या गुमराह करने जैसे आरोप निराधार है पार्षदों में जो पत्र लिखा है वह पीआईसी की बैठक के बाद लिखा गया है।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

## दर्जन भर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं का वेतन काटने का नोटिस

# यूनियन का आरोप, नियम विरुद्ध हो रही कार्रवाई का विरोध करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर ग्रामीण क्षेत्र में पदस्थ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को इन दिनों महिला बाल विकास विभाग के सीडीपीओ ओर सुपरवाइजर काम में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी कर रहे हैं। इस क्रम में ग्रामीण परियोजना की सेक्टर सुपरवाइजर रेखा सुमन ने वेतन काटने का नोटिस जारी किया है। इस नोटिस को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन ने मनमानी बताते हुए कहा है कि जिस काम के लिए नोटिस जारी किया गया है वो काम उनका है ही नहीं।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन की जिला अध्यक्ष राजकुमारी राजपूत ने बताया कि रेखा सुमन अनावश्यक नोटिस जारी करती है और कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के वेतन काटकर मानसिक प्रताड़ना दे रही है उन्होंने एक दर्जन के करीब कार्यकर्ता सहायिकाओं को नोटिस देते हुए उल्लेख किया है कि उनके केंद्र पर बच्चों की अपार आईडी नहीं बनी है जबकि अपर आईडी शिक्षा विभाग का बनाने का काम है इसके बावजूद भी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता इस काम को कर रही है लेकिन बच्चों के पास आधार कार्ड ही नहीं है अब आधार कार्ड कार्यकर्ता कहां से बनाएंगी। कार्यकर्ताओं से जबरिया जिला मुख्यालय से थी टीएचआर उठाकर मंगवाया जा रहा है और नहीं लाने पर नोटिस देकर वेतन काटने जैसी कार्रवाई की जा रही है। इस मनमानी के खिलाफ हमने पहले भी प्रदर्शन कर जिला अधिकारी के नाम ज्ञापन सो पाता लेकिन ऐसा लग रहा है कि अमला जिला अधिकारी की सुन नहीं रहा है या जिला अधिकारी ऐसा करवा रहे हैं। अब हम कलेक्टर को आवेदन देकर समस्या के निराकरण की मांग करेंगे अगर टीएचआर ढुलाई और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से जबरिया हम्माली कराना बंद नहीं की गई तो आंगनबाड़ी केंद्र पर तालाबंदी कर हड़ताल की जाएगी।



# पीजी कॉलेज में ओरल हेल्थ चेकअप कैंप व व्याख्यानमाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के क्रम में शनिवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ओरल हेल्थ चेकअप कैंप और व्याख्यानमाला का आयोजन महाविद्यालय के सेमिनार हाल में संपन्न हुआ। जिसमें जिला स्वास्थ विभाग की ओर से आई टीम ने डॉ. राधिका मित्तल के नेतृत्व में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं का ओरल चेकअप किया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया और ओरल चेकअप करवाया। इसी के साथ डॉ राधिका मित्तल ने ओरल हेल्थ को कैसे अच्छा रखें और कैसे अपने दांतों का बचाव करें विषय पर जानकारी देते हुए सभी विद्यार्थियों को नियमित ब्रश करने, जिसमें दिन में प्रातः व रात को सोने से पहले ब्रश करने की सलाह दी, उन्होंने बताया कि हमें नियमित रूप से अपने ओरल हेल्थ की जांच वर्ष में कम से कम एक या फिर हर छः महीने में एक बार करवाना ही चाहिए जिससे हम किसी भी समस्या से खुद के दांतों का बचाव कर सकते हैं। साथ ही मित्तल ने तंबाकू, गुटखा एवं सिगरेट से होने वाले दुष्परिणामों से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया एवं इनसे खुद व परिजनों को बचने की सलाह भी दी।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओ पी शर्मा ने उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम को बहुपयोगी एवं दूरदर्शिता का कार्यक्रम बताते हुए इसके सार्थक आयोजन के लिए माननीय उच्च शिक्षा मंत्री महोदय उच्च शिक्षा विभाग, एवं स्वास्थ विभाग को धन्यवाद अर्पित किया। कार्यक्रम का व्यवस्थागत संचालन श्री हीरा सिंह खेल अधिकारी ने किया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी उमंग कार्यक्रम डॉ मनु प्रताप सिंह भदौरिया, डॉ सीमा चौकसे, डॉ अजीत सिंह, डॉ कमलेश निगम, डॉ करण सिंह सैनी उपस्थित रहे।

## मुकेश गुप्ता स्मृति सेवा न्यास व पुष्पा श्री फाउंडेशन का रक्तदान शिविर आयोजित

# महावीर ने 57, दिनेश ने 54 तो राजू ने किया 38वीं बार रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

स्व मुकेश गुप्ता स्मृति सेवा न्यास एवं पुष्पा श्री फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित त्रैमासिक रक्तदान शिविर शनिवार को जिला अस्पताल में सम्पन्न हुआ।इस रक्तदान शिविर में 25 रक्तदानियों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। वहीं 20 लोगों ने यह कहते हुए रक्तदान करने का संकल्प पत्र भी भरे कि जब भी ब्लड बैंक में जरूरत होगी,वे रक्तदान करने के लिए तत्काल पहुंच जाएंगे। विशेष बात यह है कि इस रक्तदान शिविर मे जिले में रक्तदान करने की अलख जगाने वाले समाजसेवी महावीर गुप्ता ने भी रक्तदान किया। इस बार उन्होंने 57 वीं बार रक्तदान किया है।

जो श्योपुर जिले में अपने आप में एक नया कीर्तिमान है। क्योंकि इतनी बार वर्तमान श्योपुर जिले के किसी भी नागरिक ने रक्तदान नहीं किया है। वहीं हर तीन माह में एक बार रक्तदान करने वाले योग शिक्षक दिनेश साहू ने भी इस शिविर में 54 वीं बार और पूर्व पार्षद राजू पारेता ने 38 योग के साथ साथ हर 3 माह में नियमित रूप से रक्तदान करने वाले योग शिक्षक दिनेश साहू ने 54 वीं बार एवं पूर्व पार्षद राजू पारेता ने इस शिविर में 38 वीं बार रक्तदान किया। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल ने कहा कि पुष्पा श्री फाउंडेशन व स्व.मुकेश गुप्ता स्मृति सेवा न्यास द्वारा सन 2005 से प्रारंभ किए गए रक्तदान जागरूकता अभियान की निरंतर गतिविधियों के कारण ही स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग से गत वर्ष ब्लड बैंक से 5000 यूनिट रक्त की आपूर्ति संभव हो सकी है। कार्यक्रम में उपस्थित पुष्पा श्री फाउंडेशन के अध्यक्ष ओसवाल, जेसीआई श्योपुर के अध्यक्ष-जितेंद्र गर्ग,सचिव राहुल कुमार गुप्ता,पुष्पा श्री फाउंडेशन के नकुल जैन एडवोकेट, रमेश गुप्ता, रेडक्रास सचिव दिनेश दुबोलिया द्वारा रक्तदान करने वाले रक्तदान दाताओ का सम्मान किया गया



### इन्होंने भी किया रक्तदान

इस शिविर में स्व मुकेश गुप्ता स्मृति सेवा न्यास के सचिव महावीर गुप्ता के साथ उनके भाई मनोज गुप्ता, पुत्र आशीष गुप्ता ,पुत्रियों निधि एवं कीर्ति,दामाद प्रतीक गुप्ता एवं भतीजों हिमांशू एवं आशुतोष ने रक्तदान करके ,रक्तदान के प्रति पूरे परिवार की सामूहिक प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इनके अलावा शिविर में प्रमोद तिवारी,शुभम गर्ग,पुरुषार्थ शर्मा ,हेमंत शर्मा, विजेंद्र सलापुरा,विकास सुमन,रघुवीर गुप्ता, मुदित जाट,आसिफ पठान ,रामावतार बड़ोदा, ललित अग्रवाल, चेतन चौहान आदि ने भी रक्तदान किया।

# कोतवाली थाना पुलिस ने दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विधिवत अनुबंध कराकर 16 लाख रूपए लेने के बाद भी दुकान का निर्माण नहीं कराने संबंधी मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए धोखाधडी का मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि शिवकुमार गर्ग निवासी वार्ड क्रमांक 04 श्योपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मनोज गुप्ता पुत्र जगदीश गुप्ता निवासी पुरानी सब्जी मंडी श्योपुर ने शनि मंदिर पास अन्नपूर्णा होटल के पीछे बाडे में दुकान निर्माण का अनुबंद कराकर 16 लाख रूपए ले ले लिए है तथा इसके शेष 7 लाख रूपए की राशि दुकान निर्माण के बाद रजिस्ट्री कराने पर लेने की बात निर्धारित हुई। लेकिन इसके बाद भी मनोज गुप्ता ने अनंबुध मुताबिक समय पर न तो दुकान का निर्माण किया और न ही रजिस्ट्री करवाई। जांच के बाद इस मामले में मनोज गुप्ता के खिलाफ धोखाधडी का मामला दर्ज कर लिया है।

## नरवाई प्रबंधन को लेकर हार्वेस्टर मालिकों की बैठक आयोजित



श्योपुर।कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा नरवाई प्रबंधन के संबंध में सहायक कृषि यंत्री कार्यालय श्योपुर में हार्वेस्टर मालिकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी हार्वेस्टर मालिकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि प्रत्येक हार्वेस्टर पर कम से कम दो अग्निशमन यंत्र अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहें। अन्य राज्यों या जिलों से श्योपुर जिले में प्रवेश करने वाले हार्वेस्टरों का संचालन बिना अग्निशमन यंत्र के न किया जाए। साथ ही निर्देशित किया गया कि हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम या स्ट्रॉ रीपर के माध्यम से नरवाई का प्रबंधन कर भूसा बनाया जाए। किसी भी स्थिति में नरवाई को जलाया न जाए। अधिकारियों ने बताया कि नरवाई में आग लगाने से भूमि में मौजूद सूक्ष्म जीवाणु नष्ट हो जाते हैं, जिससे मिट्टी की उर्वराशक्ति कमजोर होती है। इसके अतिरिक्त मिट्टी का तापमान 150 से 170 डिग्री सेंटीग्रेड तक बढ़ जाता है तथा पर्यावरण में प्रदूषण फैलता है। बैठक में उप संचालक कृषि जीके. पचौरिया, जिला परिवहन कार्यालय से बी.एल. शर्मा, सहायक कृषि यंत्री विवेक धाकड़ सहित जिले के हार्वेस्टर मालिक उपस्थित रहे।

## एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु वैक्सीनेशन आवश्यकः सिकरवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर एवं जानलेवा बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एच.पी.वी. (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान 22 किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाकर अभियान की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीएस. सिकरवार, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. मुकेश मीणा, डीसीएम अमित श्रीवास्तव सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा। यह टीकाकरण जिला अस्पताल श्योपुर, संजीवनी क्लिनिक श्योपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कराहल, बड़ौदा एवं विजयपुर पर संचालित किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीएस. सिकरवार ने बताया कि एचपीवी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को यह टीका लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण एचपीवी संक्रमण है, जिससे बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन अत्यंत प्रभावी है।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. मुकेश मीणा ने स्पष्ट किया कि यह वैक्सीन पूर्णतः सुरक्षित, प्रभावी एवं वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है। एचपीवी टीकाकरण सर्वाइकल कैंसर से बचाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक पहल है। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे 14 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को अनिवार्य रूप से एचपीवी टीका लगवाएं तथा इस जनहितकारी अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## विधायक ने विधानसभा में फिर उठाया चंबल नहर सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का मामला

# जंडेल बोले 2200 हेक्टेयर क्या 22 बीघा में भी नहीं हो रही 167 करोड रुपए की परियोजना से सिंचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

माननीय मेरे विधानसभा क्षेत्र में 35 गांव को सिंचाई करने के लिए जो 167 करोड रुपए लागत से चंबल नहर सूक्ष्म सिंचाई परियोजना स्थापित की गई है उसमें पूरे 167 करोड रुपए भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गए हैं। वर्ष 2022 में भी मैंने प्रश्न लगाकर जानकारी मांगी थी तब जवाब मिला था कि उक्त परियोजना से क्षेत्र में 2200 हेक्टेयर जमीन सिंचित की जा रही है। तब मैने इसी सदन में कहा था कि अधिकारी मुझे नहर से 2200 हेक्टेयर तो क्या 22 हेक्टेयर जमीन सिंचित कर बता दें तो मैं विधायकी छोड़ दूंगा। तब विधानसभा ने निर्माण एजेंसी को नहर का परीक्षण कराने के निर्देश दिए थे उस बात को 4 साल बीत गए हैं लेकिन आज तक नहर का परीक्षण नगर हो सका है। अधिकारी परीक्षण कराने के बजाए 167 करोड रुपए हड़प करना चाहते हैं। यह बात विधायक बाबू जंडेल ने विधानसभा सत्र के अंतिम दिन ध्यानाकर्षण में सरकार का ध्यान सिंचाई परियोजना की ओर दिलाते हुए कही।

विधानसभा सत्र के अंतिम दिन विधायक बाबू जंडेल ने विधानसभा अध्यक्ष के द्वारा कई बार टोका टाकी के बीच 35 गांव की चंबल नहर सिंचाई परियोजना से जुड़ा प्रश्न पूछ डाला विधायक बाबू जंडेल का कहना था कि इस परियोजना के माध्यम से किसानों को कोई लाभ नहीं हुआ है सारा लाभ अधिकारी हड़प करना चाहते हैं। इस परियोजना में जो 167 करोड रुपए खर्च हुआ है उसे किसानों को कोई लाभ नहीं मिला है अलबत्ता संबंधित निर्माण एजेंसी और अधिकारी उस काम का उपयोगिता प्रमाण पत्र हासिल कर रुपए हड़प करना चाहते हैं यह उपयोगिता प्रमाण पत्र मेरे द्वारा 4 साल पहले विधानसभा में प्रश्न पूछने के कारण अनिवार्य कर दिया गया है। किसी भी तरह कंपनी के लोग अधिकारियों से साठगांठ कर फर्जी उपयोगिता प्रमाण पत्र जुगाड़ने की तलाश में है ताकि वह 167 करोड रुपए की बंदर बात कर सके।




### परियोजना स्वीकृति पर ठोकी खुद की पीठ

विधानसभा में विधायक बाबू जंडेल ने चंबल नहर सूक्ष्म सिंचाई परियोजना से जुड़ा प्रश्न पूछ कर उसे किसानों के लिए फिलहाल अनुपयोगी तो बताया ही साथ ही इस मामले में वह अपनी पीठ खुद ठोकते दिखे उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को बताया कि वर्ष 2018 में मैंने कमलनाथ सरकार के समय इस परियोजना की स्वीकृति दिलाई थी। विधायक ने यह भी कहा कि इस परियोजना की स्वीकृति के लिए जिले के किसानों ने लंबा आंदोलन किया है मैं भी उसे आंदोलन में शामिल रहा अनिश्चितकालीन हड़ताल धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल सब करने के बाद किसानों को यह सौगात मिली है लेकिन भ्रष्ट अधिकारियों के भ्रष्टाचार के चलते यह योजना पहली बात नहीं हो पा रही है।

### फिर बड़े आंदोलन की ओर किसान

चंबल नहर सूक्ष्म सिंचाई परियोजना भ्रष्टाचार बताते हुए किसान लंबे समय से आंदोलन करते आ रहे हैं बीते कई सालों से प्रशासन किसानों निर्माण एजेंसी और जल संसाधन विभाग के बीच बैठक कराता रहा है हर बार बैठक में परीक्षण करने की बात होती रही है पर परीक्षण से पहले ही कुछ ना कुछ टेक्निकल दिक्कत आ जाती है आज तक परीक्षण नहीं हुआ है अब किसान इस मामले में लंबे आंदोलन की तैयारी कर चुके हैं हाल ही में आयोजित हुई किसान महापंचायत में निर्णय लिया है कि अगर शीघ्र ही नहर का परीक्षण नहीं कराया गया और नहर को सिंचाई लायक नहीं बनाया गया तो किसान जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सत्यवीर ने पाया प्रथम स्थान

# भारतीय विज्ञान का इतिहास हजारों साल पुराना:शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में विज्ञान दिवस के उपलक्ष में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ वंदे मातरम के पूर्ण गान के साथ प्रारंभ हुआ। प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने बताया कि भारतीय विज्ञान का इतिहास हज़ारों साल पुराना है। जब दुनिया गणना करना सीख रही थी, तब हमारे पूर्वजों ने खगोल विज्ञान और गणित में महारत हासिल कर ली थी। वही भारतीय आविष्कार एवं नवाचार विषय पर विषय विशेषज्ञ डॉ अजीत सिंह ने प्राचीन काल के भारतीय वैज्ञानिकों जैसे आर्यभट्ट,भास्कराचार्य से वर्तमान में फाइबर ऑप्टिक्स के डॉ नरेंद्र कपानी, जगदीश बसु, सी वी रमन तक के भारतीय वैज्ञानिकों की मेधा और प्रतिभा से भारत सहित विश्व को योगदान का पीपीटी के माध्यम से विस्तृत परिचय दिया। दूसरे विषय विशेषज्ञ डॉ कमलेश निगम ने बताया कि भारतीय वैज्ञानिकों का योगदान केवल खोजों तक सीमित नहीं है; उन्होंने हमें सिखाया है कि जिज्ञासा और दृढ़ संकल्प से हम ब्रह्मांड के रहस्यों को सुलझा सकते हैं। आप और हम जैसे छात्र ही भारत के अगले 'आर्यभट्ट' या 'कलाम' हैं।₹भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान पर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर सत्यवीर बैरवा द्वितीय स्थान पर मोहित कछावा एवं कृष्णा मीना तृतीय स्थान पर गौरव वैष्णव एवं रेशमा बैरवा रहे । निर्णायक मंडल में डॉ लोकेंद्र सिंह जाट और डॉ आसिफ कुरैशी का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ सीमा चौकसे ने किया।

## खबर संक्षेप



### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंदसौर मिल क्षेत्र निवासी सपना अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मिथुन कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत महल मोहल्ला शाढ़ौरा निवासी बृजेश माथुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सौरभ और राज अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाढ़ौरा निवासी मनीराम जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ओमप्रकाश रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नावनी निवासी विष्णु कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी परगट सिंह सरदार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत हरियाली साहू निवासी अमर मैरिज गार्डन के पास ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पति दिनेश साहू ने दहेज की मांग को लेकर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया, उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### बाईक की टक्कर से एक घायल

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत हाटकापुरा निवासी सुरेश चन्द्र जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि धारासिंह लोधी निवासी गोरा सेहराई ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं। पुलिस ने उक्त बाईक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### अज्ञात चोर मंदिर से आभूषण चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत कदवाया निवासी पुष्पेन्द्र भार्गव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बालाजी मंदिर ग्राम अन्होरा दिवान से अज्ञात चोर रात्रि में मंदिर में घुसकर हनुमान जी की मूर्ति पर से चांदी का मुकुट, हार, लॉकेट आदि सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### सिंध नदी से अवैध रेत का उत्खनन

**अशोकनगर।** जिले की सिंध नदी में अवैध रेत उत्खनन का मामला सामने आया है। ग्राम सोंवत हिगोनिया क्षेत्र में पोकलेन/पंडुब्बी मशीन लगाकर बड़े पैमाने पर रेत निकासी किए जाने की शिकायत जिला प्रशासन से की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खेजरा कलां निवासी सौरभ पुत्र पप्पू रघुवंशी द्वारा सिंध नदी में मशीन लगाकर डम्परों के माध्यम से खुलेआम रेत का उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निकाली गई रेत को ऊँचे दामों पर बेचा जा रहा है, जिससे शासन को राजस्व की हानि हो रही है तथा नदी के पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्राम पंचायत मसीदपुर के सरपंच प्रतिनिधि देवराज सिंह रघुवंशी ने जिला खनिज अधिकारी, अशोकनगर को लिखित शिकायत देकर तत्काल जांच और कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक ओर शासन द्वारा गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सीमित मात्रा में रेत उपलब्ध कराई जाती है, वहीं दूसरी ओर खुलेआम मशीनों से बड़े पैमाने पर उत्खनन किया जाना चिंताजनक है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर अवैध रूप से संचालित मशीनें नहीं हटाई गईं और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई, तो वे सामूहिक रूप से कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपेंगे।

---

### गर्ल्स कॉलेज में अविष्कार एवं नवाचार विषय पर व्याख्यान

# आविष्कारों से ही मानव को गति मिली है: डॉ रश्मि जैन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत त्रैमासिक गतिविधियों के तारतम्य में वैज्ञानिक आविष्कार एवं नवाचार विषय पर व्याख्यान एवं भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कॉलेज प्राचार्य डॉ रश्मि जैन ने कहा कि आविष्कारों के माध्यम से ही मानव को गति मिली है, एक नई दिशा मिली है और नए-नए नवाचार हुए हैं। सही अर्थों में नवाचार मानव विकास के आधार हैं। आज का युग विज्ञान का युग है। मनुष्य का जीवन दिनचर्या विज्ञान से जुड़ी है हमें विज्ञान ने विकास दिया है प्रगति दी है लेकिन भावनाएं और संवेदनाएं नहीं दी हैं। इसलिए हमें विज्ञान के साथ चलना है परंतु नैतिकता का बोध अपने साथ रखना है।

नोडल अधिकारी डॉ उमा लवानिया ने कहा कि आज के भौतिकवादी युग में एआई, स्मार्टफोन, उन्नत स्वास्थ्य तकनीक ने मनुष्य के जीवन को उसकी जीवन शैली को बदल दिया है। क्योंकि आविष्कारों का उद्देश्य सदैव सकारात्मक ही रहता है। परंतु मनुष्य अपने स्वार्थ एवं हित की दृष्टि से जब इनका उपयोग करने लगता है तो यही आविष्कार हानिकारक सिद्ध हो जाते हैं, इसलिए नई तकनीक को सदैव सकारात्मक भाव के साथ प्रयोग करें। मुख्य वक्ता मनीता राजपूत विज्ञान विभाग ने विस्तृत रूप से वैज्ञानिक आविष्कार एवं नवाचार को समझाते हुए कहा कि आविष्कारों को विकसित करना ही नवाचार है। हमारे देश में स्वास्थ्य कृषि दैनिक जीवन में विज्ञान द्वारा नए-नए अविष्कार हुए हैं जो कि मानव जीवन को सरल बना रहे हैं। टेलीफोन से स्मार्टफोन एवं स्मार्टफोन से आई तक हमारा देश पहुंच गया है आवश्यकता है हमें आविष्कारों के सदुपयोग करने की। डॉ दिनेश राय ने कहा कि किसी भी चीज का क्रमबद्ध एवं व्यवस्थित अध्ययन ही विज्ञान है। विज्ञान क्या क्यों कैसे एवं तर्क वितर्क पर आधारित है। डॉ आशीष गुप्ता ने कहा कि कार्य ही पूजा है। इसलिए हमें सदैव कार्य करते रहना चाहिए। नए-नए कार्यों को जब हम जीवन में करेंगे तो हम भी अपनी जिज्ञासा एवं अनुभव से कुछ नया आविष्कार कर समाज को दे पाएंगे। राजीव लोधी एवं सुशील कीर्ति ठाकुर ने सभी छात्राओं को विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपको हमेशा जिज्ञासा बनाएं रखना तभी आप विज्ञान के निकट पहुंच सकते हैं। भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम सुप्रिया दांगी, द्वितीय सुलेखा पालएवं तृतीय स्थान पर भूमिका मांझी, मंजू कुशवाहा एवं अनुष्का यादव रहीं।

---



# गैस टैंकर ने बाइक को मारी टक्कर पिता की हुई मौत, पुत्र गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

खिमलासा-कंजिया रोड पर बाइक सवार पिता पुत्र को गैस टैंकर ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे पिता की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं पुत्र घायल हो गया। घायल को बीना सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के बाद ग्रामीणों के द्वारा चक्का जाम किया गया। वहीं पुलिस में गैस टैंकर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी अनुसार ग्राम लोगर माल्थोन निवासी रामपाल सिंह राजपूत उम्र करीब 50 वर्ष अपने पुत्र धर्मपाल राजपूत उम्र 22 वर्ष दोनों बाइक से अशोकनगर से अपने गांव लोगर आ रहे थे। तभी करीब 1 बजे खिमलासा-कंजिया रोड पर रिफाइनरी से जा रहे गैस टैंकर ने बाइक सवारों को खिमलासा थाना अंतर्गत ग्राम खडेसरा में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे पिता रामपाल सिंह राजपूत की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पुत्र धर्मपाल सिंह टक्कर से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया।

ग्रामीणों ने किया चक्का जाम- घटना की जानकारी लगते ही लोगर गांव से मृतक के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे। जिसके बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम लगा दिया। चक्काजाम लगते ही वाहनों की कतार लग गई। चक्काजाम कर रहे गुस्साए लोगों ने कई वाहनों में तोड़फोड़ कर दी।




घटना की जानकारी लगते ही खिमलासा पुलिस के अलावा बीना, खुरई, आगासौद, भानगढ़, मालथौन सहित आसपास के थानों का भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और पुलिस प्रशासन ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया।

---

### बड़केश्वर मंदिर पर एकादशी को संकीर्तन के साथ खेली गई फूलों की होली

**बीना।** राधे राधे प्रभात फेरी मंडल करीब 12 वर्षों से प्रत्येक एकादशी पर मंदिरों पर पहुंचकर संकीर्तन कार्यक्रम आयोजित करती है, उसी क्रम में शुक्रवार को शहर के बड़केश्वर मंदिर पर एकादशी संकीर्तन के साथ फूलों की होली खेली गई। जिसमें एक दूसरे पर फागुन के गीत गाते हुए भक्तों ने एक दूसरे के ऊपर फूलों को गुलाल के रूप में उड़ा कर एक दूसरे को बधाइयां दी। फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी पर आमल की एकादशी व्रत किया जाता है। यह अवसर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने के लिए शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस व्रत को करने से साधक को शुभ फल की प्राप्ति होती है और जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। इस अवसर पर राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल सदस्य डोली राय एवं राकेश सेन ने समस्त धर्म प्रेमी बंधुओ माता बहनों से अपील करते हुए कहा कि 2 मार्च को होलिका दहन होगी और 3 मार्च को चंद्र ग्रहण होने के कारण 4 मार्च को सुबह 5 बजे प्रभात फेरी मां जागेश्वरी धाम से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करने के पश्चात जागेश्वरी धाम पर रंगभरी होली खेली जाएगी।

---

**बैठक में दिनारा पुलिस प्रशासन जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक तथा विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे**

# होली और रमजान पर्व को लेकर शांति व्यवस्था कायम रखने शांति समिति की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

दिनारा नगर परिषद में आगामी होली और रमजान पर्व को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से त्योहारों को संपन्नता के साथ संपन्न करने के उद्देश्य शुक्रवार को थाना परिसर में शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया बैठक में दिनारा पुलिस प्रशासन जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक तथा विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे बैठक में प्रमुख त्योहारों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई उपस्थित नागरिकों ने कहा रंगों का पर गोली आपसी प्रेम सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक है जिसे लोग मिलजुलकर मानने से समाज में खुशहाली और एकता का संदेश जाता है वही पवित्र में रमजान को भी सभी धर्म वर्गो द्वारा परंपरागत सौहार्द्र के साथ मनाया जाता रहा है इस वर्ष भी दोनों पर्वो को प्रेम और पारस्परिक सम्मान के साथ मनाने का संकल्प सभी ने मिलकर लिया दिनारा थाना प्रभारी रविंद्र कुशवाहा और थनरा चौकी प्रभारी रामानंद पचौरी ने स्पष्ट तौर पर बताया कि त्योहार के दौरान हुड़दंगियों और असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी त्योहारों के पर्व पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या उपद्रव करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान गहन गश्ती की जाएगी तथा संवेदनशील क्षेत्रों में भी पुलिस की बराबर नजर बरकरार रहेगी बैठक में डीजे की निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन, यातायात नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने जैसी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर दिनारा थाना प्रभारी ने सभी लोगों से चर्चा की उपस्थित नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया दिनारा थाना प्रभारी रविंद्र कुशवाहा ने बताया बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति सद्भाव और पारंपरिक उत्साह के साथ होली एवं रमजान पर्व को संपन्न करना हमारी सभी लोगों की पहली प्राथमिकता है हम और आपके सभी के संयुक्त प्रयास नगर परिषद एवं दिनारा थाना अंतर्गत क्षेत्र के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में सभी लोग मिल-जुलकर होली एवं रमजान पर्व का त्योहार सुख शांति भाईचारे और एकता के साथ मनाने का आग्रह कर सभी लोगों के लिए बैठक में रामसिया परिहार विधायक प्रतिनिधि,रमेश चंद्र लिधौरिया शिक्षक,लियाकत अली ,वीरेंद्र यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष सलीम खान,फिरोज खान,संतोष सरपंच,परवेश पठान,समस्त जनप्रतिनिधि एवं पत्रकार गण मौजूद रहे।

### करीला मेला के संबंध में बस संचालकों को निर्देश जारी किए गए

**अशोकनगर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अशोकनगर जिले की तहसील बहादुरपुर ग्राम पंचायत जसैया के ग्राम कानाखेड़ी में म.प्र. तीर्थ स्थल मां जानकी रंगपंचमी करीला मेला 2026 की तैयारियां एवं वाहन व्यवस्थाओं का सुचारू रूप संचालन हो सके। इस संबंध में इस जिले एवं अन्य जिलों से दर्शनार्थी बसों के द्वारा करीला मेले में बहुत ज्यादा संख्या में आने की संभावना है। जिला परिवहन अधिकारी अशोकनगर द्वारा सभी बस संचालकों को निर्देशित किया जाना आवश्यक है कि करीला मेला में आने वाली बसों के समस्त वैद्य मूल दस्तावेज वाहन के साथ होने पर ही वाहन का संचालन किया जावें एवं वाहनों का संचालन नियमानुार तथा यातायात नियमों का पूर्ण पालन करने हेतु सभी बस संचालक अपने-अपने बसों के चालक/परिचालक को सख्त निर्देश देवें कि किसी भी स्थिति में मोटरयान नियमों का उल्लघंन ना हों एवं वाहनों में ओवरलोड यात्री संचालन ना किया जावें।

---

# सजीं गुलाल, पिचकारी और मुखौटे की दुकानें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

होली का पर्व नजदीक आते ही नगर के थोक बाजार में खरीददारों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। रंगों के उत्सव होली को लिए बाजार तैयार हैं। गुलाल, चंदन से लेकर मुखौटे और पिचकारियों की दुकानें सज गई हैं। नगर के थोक बाजार मैंन बाजार,माता वाली रास्ता , और मैन रोड़ में फुटकर विक्रेता और ग्राहक खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। होली पर बाजार को अच्छे कारोबार की आस है। गौरतलब है कि रंगों का त्यौहार 3 मार्च को है इसके पूर्व बाजार से लेकर गांव की गलियां तक होली के लिए दुकान सजने लगी है। बच्चों और युवाओं को पिचकारी, भूत-प्रेत का मुखौटा, मैजिक गुलाल गन व इंडियन पिचकारियां बाजार की दुकानें सज रहीं है। केमिकल युक्त चीजों से दूर हर्बल रंग और हर्बल-गुलाल बिक रहे हैं। होली की खरीदारी को लेकर शहरी और ग्रामीण अंचलों के लोग अभी से ही काफी उत्साहित हैं। इसका अंदाजा शहर में सजी रंग-गुलाल की दुकानों पर हो रही खरीदारी से लगाया जा सकता है

---

## पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से मनाया एकादशी व्रत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव से मनाया गया रंग भरी एकादशी अमल की एकादशी व्रत का महापर्व। इस अवसर पर महिलाओं ने बड़े ही भक्ति भाव से आंवला वृक्ष की पांच उपचार से पूजन की साथ-साथ में केला तुलसी विलव पत्र आदि की भी पूजन पुजारी किशन लाल मिश्रा ने करवाई।

पुजारी किशन लाल ने बताया कि पुराणों में इनकी मत्रों सहित पूजन की जाती है बिगर बिलवपत्र के भगवान शिव शंकर पूजन स्वीकार नहीं करते बिगर केला पूजन के गुरुदेव प्रसन्न नहीं होते भगवान श्री कृष्ण को भी तुलसी पत्र प्रिय है सूर्य देव को अर्क वृक्ष चाहिए चंद्र देव को पलाश छैला वृक्ष चाहिए मंगल देव को खैर वृक्ष चाहिए बुद्धदेव को चिड़चिड़ा वृक्ष चाहिए। शुक्र देव को उमर वृक्ष चाहिए शनि देव को शमी वृक्ष चाहिए गणपति देव को दूर्वा चाहिए बगैर वनस्पति के देवता प्रसन्न नहीं होते इसीलिए राहु केतु को कुशा विंगर कुशा के यज्ञादि कर्म नहीं होते है। बट पीपल में ब्रह्मा विष्णु महेश तीनों का वास है आम जामुन और बस की बगैर मांगलिक कार्य नहीं होते है। कहा कि जो बगैर अनुमति या बगैर औषधि के रुपमे इन वृक्षों को छती पहुंचते है। उनको गौ हत्या का पाप लगता है। भगवान शिव शंकर जी की पूजन करके भाव से शिव अभिषेक किया और बाद में महा आरती शाम 7:30 बजे की जावेगी।

---

## शंकरपुर की 300 बीघा भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराने की विधानसभा में मांग उठी



**अशोकनगर।** ग्राम शंकरपुर की 300 बीघा शासकीय भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराने की विधानसभा में मांग उठी। मध्यप्रदेश विधानसभा में ग्राम पंचायत मोहारी राय अंतर्गत ग्राम शंकरपुर की लगभग 300 बीघा शासकीय भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। विधायक इंजीनियर हरिबाबू राय द्वारा राजस्व मंत्री से प्रश्न पूछते हुए इस बहुमूल्य शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु की जा रही कार्यवाही की जानकारी मांगी गई।

विधानसभा में प्रस्तुत जानकारी के अनुसार, इस भूमि की अनुमानित कीमत लगभग 500 करोड़ रुपये बताई गई है। पूर्व में भी इस संबंध में कई बार प्रश्न एवं पत्राचार किए जाने के बावजूद जिला प्रशासन द्वारा ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने पर चिंता व्यक्त की गई। प्रश्न के माध्यम से यह भी पूछा गया कि बार-बार शिकायतों और पत्रों के बावजूद अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं हुई तथा कब तक पूरी शासकीय भूमि को पूर्ण रूप से अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। राजस्व विभाग द्वारा दिए गए उत्तर में बताया गया कि राजस्व अभिलेखों में दर्ज भूमि पर अतिक्रमण की पुष्टि होने के बाद प्रशासन द्वारा कार्रवाई प्रारंभ की गई है तथा कुछ स्थानों से अतिक्रमण हटाया जा चुका है। शेष भूमि को भी नियमानुसार अतिक्रमण मुक्त कराने की प्रक्रिया जारी है। जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि करोड़ों रुपये मूल्य की महत्वपूर्ण सरकारी भूमि को शीघ्र पूर्ण रूप से मुक्त कराकर सार्वजनिक हित में उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

### करीला मेला के लिए किराया निर्धारित किया

**अशोकनगर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अशोकनगर जिले की तहसील बहादुरपुर के ग्राम पंचायत जसैया के ग्राम कानाखेड़ी में म.प्र. तीर्थ स्थल मां जानकी रंगपंचमी करीला मेला 2026 की तैयारियां एवं वाहन व्यवस्थाओं का सुचारू रूप संचालन हो सके। इस संबंध में इस जिले एवं अन्य जिलों से दर्शनार्थी बसों के द्वारा करीला मेले में बहुत ज्यादा संख्या में आने की संभावना है। जिला परिवहन अधिकारी द्वारा सभी बस संचालकों को निर्देशित किया गया है कि करीला मेला में आने वाले दर्शनार्थियों से यात्री बसों में शासन नियमानुसार निर्धारित 1.25 रू. प्रति किमी. के मान से ही किराया लिया जाए। अशोकनगर जिले से मां करीला मेला में दर्शनार्थी अशोकनगर, मुंगावली, ईसागढ़, चन्देरी आदि स्थानों से यात्री बसों में यात्रा करने की संभावना है। शासन नियमानुसार स्थानों के लिए किराया निर्धारण किया गया है। अशोकनगर से करीला दूरी 40 किमी किराया 50 रूपये, अथाईखेड़ा से करीला दूरी 22 किमी किराया 28 रूपये, करीला तिराहा से करीला दूरी 17 किमी किराया 21 रूपये,मूड़रा खाना से करीला दूरी 14 किमी किराया 18 रूपये,बीलाखेड़ी से करीला दूरी 10 किमी किराया 13 रूपये,दंगलिया चक्क से करीला दूरी 08 किमी किराया 10 रूपये, फुटेरा से करीला दूरी 04 किमी किराया 05 रूपये, कानीखेडी से करीला दूरी 02 किमी किराया 03 रूपये,ईसागढ़ से करीला दूरी 75 किमी किराया 94 रूपये, विजयपुरा सें करीला दूरी 63 किमी किराया 79 रूपये,सारसखेड़ी से करीला दूरी 60 किमी किराया 75 रूपये निर्धारित किया गया है।

---

## डॉ. प्रीति यादव राम भक्त लेखक सम्मान से हुईं सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा 23 और 24 फरवरी को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में अशोकनगर की निवासी और गुना जिले के शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय में कार्यरत डॉ प्रीति यादव को रामभक्त लेखक सम्मान से सम्मानित किया गया। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ,झांसी के हिंदी विभाग तथा उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान लखनऊ के सहयोग से आयोजित बुंदेलखंड के साहित्य, समाज और संस्कृति में श्रीराम विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मुकेश पांडेय ,मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री डॉ राजेश श्रीवास्तव ,उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान की प्रधान संपादिका डॉ अमिता दुबे ,कुल सचिव ज्ञानेंद्र कुमार ,परीक्षा नियंत्रक राजबहादुर आदि के द्वारा किया गया। डॉ प्रीति यादव ने बुंदेलखंड के लोकनायक श्रीराम का सामाजिक औदात्य विषय पर अपना शोध पत्र का वाचन किया। डॉ प्रीति यादव ने अपने शोध पत्र का वाचन करते हुए बताया कि श्री राम आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह राम की लोकप्रियता ही है कि न सिर्फ़ बुंदेलखंड बल्कि संपूर्ण देश में एक बड़ा विद्वान और एक अनपढ़ गंवार समान रूप से श्रीराम में श्रद्धा रखता है ।राम बुंदेलखंड की धरती के कण- कण में बसे हैं । राम का चरित्र आदर्श शासन ,सभ्यता और चरित्र निर्माण की प्रेरणा देता है।

डॉ पुनीत बिसारिया विभाग अध्यक्ष हिंदी विभाग और अधिष्ठाता कला संकाय के संयोजन में 160 लेखकों द्वारा भेजे गए आलेख की तीन पुस्तकों का विमोचन किया गया। लगभग आठ तकनीकी सत्रों में संपूर्ण देश से आए विभिन्न विद्वान जनों ने बुंदेलखंड के हृदय में बसे राम और उनकी लोकप्रियता विषय पर अपने-अपने आख्यान प्रस्तुत किए।